an>

Title: Regarding providing financial assitance to the farmers of Bundelkhand affected by rain and hailstorm.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं क्योंकि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया है। मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन गरौठा भोगनीपुर उत्तर प्रदेश क्षेत्र के बुंदेलखंड क्षेत्र में किसानों ने ऋण लेकर रबी की फसल बोयी थी। दिनांक 07.03.2016, सोमवार की शाम को बेमौसम वर्षा और ओला-वृष्टि से किसानों की फसल नष्ट हो गयी। हमारे जनपद के नौ ब्लॉक इस ओला-वृष्टि से बुरी तरह प्रभावित हुये हैं। हमारे लोक सभा संसदीय क्षेत्र के जनपद झांसी के ब्लॉक मौठ, बामौर और गुरसना में भी ओला-वृष्टि की वजह से फसल नष्ट हो गयी है।

माननीय सभापति महोदय, हमारा एक और जिला कानपुर देहात के मलासा और अमरौदा ब्लॉक में बेमौसम वर्षा हुयी है। वहां तो ओला-वृष्टि हुयी है लेकिन यहां बेमौसम वर्षा हुयी है, जिसके कारण किसान बुरी तरह से तबाह हो गये हैं। उन्होंने किसी तरह से अपनी फसल को बोया था। आज मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि शीघ्र इसकी जांच करा कर, जिन्होंने ऋण लेकर अपनी फसल बोयी थी, उन्हें ज्यादा से ज्यादा राहत दिलाने का कष्ट करें।

HON. CHAIRPERSON: Shri Chandra Prakash Joshi, Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhanu Pratap Singh Verma